मतदान के लिये लोगों को जागरूक करने हेतु ‘स्वीप महिला कार रैली’का आयोजन

चर्चा में क्यों?

5 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ‘स्वीप’के अंतर्गत रायपुर में महिला कार रैली का आयोजन किया गया। सैकड़ों महिला कार चालकों ने इसमें हिस्सा लिया।

प्रमुख बिंदु

- आयोजन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों सहित रायपुर ज़िला प्रशासन के सभी विभागों, स्थानीय स्वयंसेवियों एवं सामाजिक संगठनों की महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।
- कार रैली के माध्यम से मतदाताओं को 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान की अपील की गई।
- छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कार रैली में खुद स्टीयरिंग थामकर काफिले को लीड किया। रैली के दौरान उनके साथ जीप में सवार महिलाएँ पूरे रास्ते भर लाउड स्पीकर पर मतदाताओं से 17 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए दिखीं।
- महिलाएँ अपनी कार को आकर्षक सज़ावट देने के साथ ही स्वयं भी पारंपरिक पोशाक में रैली में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ ही महिलाएँ महाराष्ट्रियन, बंगाली, ओडिसी, दक्षिण भारतीय, गुजराती पारंपरिक पोशाक व पगड़ी पहनकर वीरांगनाओं की तरह इस रैली में पहुँचीं।
- स्वीप महिला कार रैली में रोल्स रॉयस जैसी विंटेज कार, खुली जिप्सी, जीप के साथ इलेक्ट्रॉनिक कार व ई-रिक्शा सहित लगभग 200 कारें शामिल हुईं।
- महिला कार रैली के काफिले में उत्कृष्ट सज़ावट व संदेशों के साथ शामिल कारों की महिला चालकों को सम्मानित भी किया गया। उत्कृष्ट कार सज़ावट व संदेश के लिये अनुपमा तिवारी को प्रथम पुरस्कार, ई-कार व ई-रिक्शा को द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला।

SWEEP
17 नवंबर
को करेंगे
मतदान,
बढ़ाएँगे रायप
का मान
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर
CG04ZD6185

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sweep-mahila-car-rally-organized-to-make-people-aware-about-voting